बॉलीवुड

सिनेमा से

● रिपोर्टर

सबसे लंबी फिल्मों में से एक बनने को तैयार पुष्पा 2, क्या लॉकबस्टर के लिए मैटर करता है

मुंबई। पैन इंडिया स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' का इंतजार जनता पिछले 3 साल से टकटकी लगाए कर रही है। फाइनली इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने का अरमान बस कुछ ही दिन में पूरा होने वाला है। मगर उससे पहले अब एक ऐसी खबर आई है, जो अल्लू अर्जुन फैन्स की एक्साइटमेंट काफी बढ़ा देगी। 'पुष्पा 2' के रनटाइम को लेकर रिपोर्ट्स आने लगी हैं और बताया जा रहा है कि ये फिल्म अच्छी खासी लंबी है। वैसे तो फिल्मों का लंबा रनटाइम जनरली ऑडियंस को थोड़ा थकाऊ लगता है, लेकिन बात अगर अपने फेवरेट स्टार या साल की बड़ी फिल्मों की हो, तो लंबा रनटाइम जनता की एक्साइटमेंट बड़ा भी देता है।

'बंबन' सरनेम हटाकर ऐश्वर्या ने दिया हिंट! भाभी मुद्रवी, एक्टरों ने अभिषेक की कार ने किया फिक

मुंबई। ऐश्वर्या राय बच्चन हाल ही में दुबई में ग्लोबल वुमन फोरम इवेंट में शामिल हुईं, जहां उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर बात की। इवेंट में उन्होंने कई क्षेत्रों में महिलाओं की काम और प्रयासों की सराहना की जब ऐश्वर्या स्टेज पर आईं तो बैकग्राउंड में एक बड़ी स्क्रीन पर उनका नाम और प्रोफेशन 'ऐश्वर्या राय-इंटरनेशनल स्टार' दिखाया गया। वहीं तलाक की अफवाहों के बीच ऐश्वर के सरनेम से 'बच्चन' हटाने पर लोग हैरान हैं। सोशल मीडिया पर लोगों का कहना है कि ऐश्वर्या ने अपने नाम से बच्चन सरनेम को हटाकर एक बहुत बड़ा हिंट दे दिया है।

सेल्फी लेते थे, घर नहीं देते थे...

कल्कि केकलां का खुलासा, तलाक के बाद मुंबई में दर-दर भटकी

● मंथन संवाददाता

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कल्कि कोचलिन ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने हाल ही में बताया कि पति अनुराग कश्यप को तलाक देने के बाद उनके लिए फिराए पर घर ढूंढना मुसीबत हो गया है। कोई भी अकेली औरत को किराए पर घर नहीं देखा चाहता है। कल्कि कोचलीन ने आफरआर्मर्स विद ऑल अबाउट ईव यूट्यूब चैनल पर दिए इंटरव्यू में कहा, 'जब मेरा और अनुराग का तलाक हुआ था तो वे दो फिल्में रिलीज हुई थीं- जिंदगी ना मिलेगी दोबारा और ये जवानी है दीवानी। फिर ये तलाक हो गया।'

बता दें कि अनुराग और कल्कि साल 2011 से लेकर 2015 तक शादीशुदा थे। 2013 तक वो अलग हो गए थे। कल्कि ने कहा, 'फिर मुझे रहने के लिए जगह नहीं मिली। कोई भी मुझे मुंबई में अकेली महिला के रूप में किराये पर घर नहीं देता था। मैं सोचती थी, मैं फेमस हूं। आप मेरे साथ सेल्फी लेना चाहते हैं, लेकिन आप मुझे घर नहीं देना चाहते।' कल्कि ने अनुराग की फिल्म 'देव डी' से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म के तुरंत बाद दोनों ने डेटिंग शुरू की थी और 2011' में शादी कर ली थी।

एक बेटी की मां हैं कल्कि: कल्कि ने 2019 में इजरायली बॉयफ्रेंड हर्शवर्ग के साथ अपनी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया। 2020 में कल्कि ने बेटी को जन्म दिया। वो 2023 में 'खो गए हम कहां' में नजर आई थीं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। पिछले ही साल 'सैम बहादुर' में उनका एक आइटम नंबर भी था।

अनोखी ख़बरें

10 साल तक मछुआरे की पलंग के नीचे रखा रहा 'विश्व का सबसे बड़ा मोती'

किस्मत कब मेहरबान हो जाए कहा नही जा सकता। ऐसा ही कुछ हुआ इस मछुआरे के साथ। जब समुद्री तूफान से बचने के बाद वह बाहर निकला तो अपनी किस्मत को साथ लेता आया, लेकिन उसे खुद नहीं पता था कि वह अपने साथ क्या ले जा रहा है। दरअसल, फिलीपींस के पलावन आइलैंड पर एक मछुआरा मछलियां पकड़ रहा था, तभी वह एक समुद्री तूफान में फंस गया। कुछ देर के लिए उसे लगा कि अब वह नहीं बचेगा, लेकिन तभी उसकी पकड़ में एक बड़ा साथ पत्थर आ गया। डूबते को तिनके का सहारा मिला और वह उस पत्थर के सहारे टिककर तूफान थमने का इंतजार करने लगा। काफी देर बाद जब तूफान थम गया तो उसके सामने एक बड़ा सा पत्थर था। उसने ऊपरवाले को धन्यवाद देते हुए उस पत्थर को अपनी लकी चार्म माना और उसे अपने साथ घर ले आया। पत्थर को उसने अपने पलंग के नीचे रख लिया। उसका जीवन अब आराम से कट रहा था, लेकिन 10 साल बाद इसी पत्थर ने उसके घर में प्रवेश किया और उसके जीवन को बदल दिया। बताया जाता है कि एक दिन जब मछुआरे के घर में आग लग गई। तभी एक टूरिस्ट ऑफिसर एलीन सिंथिया मगैय की नजर पलंग के नीचे रखे इस पत्थर पर पड़ी। वह देखते ही समझ गया कि वह साधारण पत्थर नहीं है। उसने मछुआरे को बताया कि जिस पत्थर को तुम दस साल से पलंग के नीचे रख रहे हो वह असाधारण है। दरअसल वह एक विशालकाय मोती था जिसकी कीमत करीब 6 अरब 53 करोड़ रुपए आंकी गई। जब यह मोती एक्सपर्टस और लोगों की नजर में आया तो सभी इसका आकार देखकर हैरत में पड़ गए। अब मछुआरा अरबपति बन चुका है साथ ही फेमस भी हो चुका है।

विश्व के सबसे बड़े चुंबक का हुआ निर्माण, ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए



फ्रांस भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के लिए एक ऐसी मशीन को बना रहा है, जिसको 'धरती का सूर्य' कहा जा रहा है। यह मशीन धरती पर बड़ी मात्रा में फ्यूजन एनर्जी पैदा करेगी। इसके लिए चुंबक को बनाया गया है, जिसका नाम सेंट्रल सोलेनॉयड है। इस मशीन के आगे का निर्माण जनरल एटॉमिक्स में किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर यह कंपनी पिछले करीब 10 सालों से काम कर रही है और इसमें कई देशों का पैसा लगा हुआ है। अमेरिका के कैलिफोर्निया में चल रहे इस प्रोजेक्ट को हाल ही में फ्रांस शिफ्ट किया गया है। इस मशीन को ITER यानि इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर कहा जाता है। यह फ्यूजन आधारित बिजली के उत्पादन के लिए लंबे समय तक फ्यूजन को बनाए रख सकेगी और इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजी, मैटेरियल और फिजिक्स का परीक्षण कर सकेगी। इस मशीन के निर्माण में करीब 17 खरब रुपये का खर्च आ रहा है। साथ ही इसके उपयोग से डियोएक्टिव कचरा और ग्रीनहाउस गैस उत्पर्जन नहीं होगी। यह मशीन एक किलो ईंधन से 1500 मेगावाट बिजली तैयार करेगी।

खेल-खिलाड़ी

एडिलेड टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया के इन 5 खिलाड़ियों का होगा खास डेब्यू!

पर्थ। पर्थ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में धूल चटाने के बाद अब टीम इंडिया एडिलेड टेस्ट की तैयारी में है। भारतीय टीम के लिए एडिलेड में खेले जाने वाला टेस्ट मैच काफी खास होगा। दरअसल यह मुकाबला दूधिया रौशनी में पिंक बॉल खेला जाएगा। इस दौरान पर टीम इंडिया के कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो पहली बार पिंक बॉल टेस्ट मैच में खेलेंगे। ऐसे में लगभग पांच खिलाड़ी टीम इंडिया के लिए पिंक बॉल टेस्ट मैच में डेब्यू करेंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड में 6 दिसंबर को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला डे-नाइट फॉर्मेट में पिंक बॉल से खेला जाना है। ऐसे में टीम इंडिया के लिए पर्थ टेस्ट मैच में ओपनिंग करने वाले केएल राहुल का इंतजार खत्म होने वाला है। राहुल एडिलेड में अगर टीम इंडिया के लिए खेलते हैं तो यह उनके करियर का पहला पिंक बॉल टेस्ट मैच होगा। केएल राहुल के अलावा युवा ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का भी पिंक बॉल टेस्ट मैच में डेब्यू होगा। पर्थ टेस्ट मैच की दूसरी पारी में धमाकेदार खेल दिखाने वाले यशस्वी जायसवाल से उम्मीद है कि पिंक बॉल के डेब्यू मैच में पर्थ टेस्ट की तरह ही धमाकेदार खेल प्रदर्शन करें। टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज अब तक कुल 32 टेस्ट मैच खेल चुके हैं, लेकिन एडिलेड में सिराज अपने करियर का पहला टेस्ट मैच खेलने मैदान पर उतरेंगे।

न्यूजीलैंड बनाम इंग्लैंड

क्राइस्टचर्च में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में हैरी ब्रुक के बल्ले से शानदार सैकड़ा देखने को मिला

वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने से चूका अंग्रेज बल्लेबाज, फिर भी धमाकेदार शतक से चकनाचूर किए कई बड़े कीर्तिमान

● मंथन विदेश ब्यूरो

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच क्राइस्टचर्च में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में दूसरे दिन हैरी ब्रुक के बल्ले से शानदार सैकड़ा देखने को मिला। हैरी ब्रुक ने 9 चौके और 2 छक्कों की मदद से 123 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया जो उनके टेस्ट करियर का 7वां शतक है। उन्होंने चौके से अपना शतक पूरा किया। ब्रुक उस समय बल्लेबाजी करने मैदान पर आए, जब इंग्लैंड का स्कोर पहली पारी में 45 रन पर 3 विकेट हो चुका था। सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली (0), जैकब बेथेल और जो रूट (0) पवेलियन लौट चुके थे। इसके बाद मैदान पर हैरी ब्रुक की एंट्री हुई और उन्होंने बेन डकेट के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 26 रनों की साझेदारी

की। इसके बाद बेन डकेट भी चलते बने। डकेट अपने अर्धशतक से 4 रन दूर रह गए।

डकेट के आउट होने के बाद ब्रुक ने ऑली पोप के साथ मिलकर मोर्चा संभाला। इसके बाद दोनों के बीच 151 रनों की साझेदारी हुई जिससे इंग्लैंड का स्कोर 200 के पार चला गया। इस दौरान ब्रुक ने टेस्ट में 2000 रन पूरे करने का बड़ा कारनामा किया। हैरी ब्रुक टेस्ट में सबसे कम गेंदों का सामना करते हुए दुनिया के दूसरे सबसे तेज 2000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 2300 गेंदों में 2000 रन के आंकड़े को छुआ। इस मामलें में पहले पायदान पर इंग्लैंड के बेन डकेट हैं। डकेट ने 2293 गेंदों पर ये बड़ा मुकाम हासिल किया था।

टेस्ट क्रिकेट सबसे कम गेंदों का सामना करते हुए 2000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज

2293- बेन डकेट
2300- हैरी ब्रुक
2418- टिम साउदी
2483- एडम गिलक्रिस्ट

हैरी ब्रुक अब तक इंग्लैंड के लिए 22 टेस्ट मैचों की 36 पारियों में 2000 से ज्यादा रन बना चुके हैं और 7 शतक जड़ चुके हैं। इस तरह वह पहले पहले 22 टेस्ट मैचों में 7+ शतक जड़ने वाले इंग्लैंड के 5वें बल्लेबाज बन गए हैं।

पहले 22 टेस्ट मैचों में 7+ शतक जड़ने वाले इंग्लिश बल्लेबाज

डेनिस कॉम्पटन (8),एंड्रयू स्ट्रॉस (7)
वैली हैमंड (7), हर्बर्ट सटक्लिफ (7)
हैरी ब्रुक (7)

टीम इंडिया के पाक जाने को लेकर इंडी ब्लॉक में अलग-अलग राय, कोई समर्थन तो कोई कर रहा विरोध

● मंथन विदेश ब्यूरो

इस्लामाबाद। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करने के भारत के फैसले के बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने क्रिकेटिंग टर्म के जरिए इस्लामाबाद के प्रति भारत की विदेश नीति को समझाने की कोशिश की। जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के प्रति भारत की नीति ट्रेंडिशनल साइड-ऑन पोजिशन की स्थिति से ओपेन चेस्टेड पोजिशन वाली स्थिति की ओर बढ़ गई है।

एस जयशंकर ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहिंदर अमरनाथ के सेस्मरण फियरलेस के विमोचन पर आयोजिक कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। जयशंकर की यह टिप्पणी ऐसे

समय आई है जब भारत और पाकिस्तान के द्विपक्षीय रिश्ते एक बार फिर चर्चा में हैं। जबकि पाकिस्तान के पास चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी का अधिकार है, बीसीसीआई ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को सूचित किया है कि भारतीय टीम टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी।

इस मुद्दे पर इंडिया गुट में शामिल दलों के नेताओं की अलग-अलग राय है। राजद नेता तेजस्वी यादव का मानना है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत को पाकिस्तान का दौरा करना चाहिए। उन्होंने कहा, खेल में राजनीति नहीं होनी चाहिए। पाकिस्तान की टीम भी हमारे देश में आए और हमारे खिलाड़ी भी वहां जाएं। क्या दिक्कत है खेल में? खेल में युद्ध थोड़ी होता। भारत को क्यों नहीं जाना चाहिए पाकिस्तान। अगर पीएम मोदी बिरयानी खाने पाकिस्तान जा सकते हैं और यह अच्छी बात होती है, तो हमारी क्रिकेट टीम के पाकिस्तान खेलने जाने में क्या गलत बात है? ये सोच तो ठीक नहीं है।

हैरी हुआ जीरो, राविन-सरफराज और ब्रायन तारा से कभी खेती थी तुतना, अब 25 साल की उम्र में ड्रा रख करियर

नई दिल्ली। भारत में क्रिकेट प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यह अनुशासन ही है जो किसी क्रिकेटर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंबे समय तक टिके रहने में मदद करता है। बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की प्रतिभा पर कोई संदेह नहीं था, लेकिन यह उनका अनुशासन ही था जिसने उन्हें निराश किया। एक बार आईसीसी ने उनकी तारीफ में कसीदे पढ़ते हुए उन्हें क्रिकेट जगत का भविष्य में एक बड़ा नाम बताया था। लेकिन अब टीम इंडिया तो छोड़िए 25 वर्षीय इस खिलाड़ी ने खुद को एक ऐसे मोड़ पर ला खड़ा किया है, जो आईपीएल 2025 में अनसोल्ड रहा। अब वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एक मुकाबले में महाराष्ट्र के खिलाफ मुकेश चौधरी की गेंद पर शून्य पर आउट हो गए। इस तरह से आईपीएल में अनसोल्ड रहने के बाद एक बार फिर उनकी उम्मीदें दम तोड़ती नजर आ रही हैं।